# प्रादेशिक समाचार एकांश
# आकाशवाणी, भोपाल
# सांध्यकालीन समाचार

**दिनांक : 01.06.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आज 57 लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न।
- प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों के लिये 4 जून को होने वाली मतगणना के व्यापक इंतजाम ।
- राज्य में यातायात के नए नियम आज से लागू ।
- प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी, अनेक शहरों में पारा 45 डिग्री के पार।

---

## मतदान सातवां चरण

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आज सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हुआ। इस चरण में पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की 13–13, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिशा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए वोट डाले गये।

इस चरण में कुल नौ सौ चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी, भाजपा के ही अनुराग सिंह ठाकुर, रविशंकर प्रसाद तथा कंगना रनौत, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी तथा विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी। आज ही ओडिसा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी वोट डाले गये। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश की 6 और बिहार, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की एक–एक विधानसभा सीट का उप–चुनाव के लिये भी मतदान हुआ।

## प्रदेश मतगणना

प्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीटों के लिये 4 जून को होने वाली मतगणना के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने आज भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने बताया कि मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेष में 116 मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह प्रेक्षक अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इनकी निगरानी में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। उधर, गुना जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आज आयोजित पत्रकारवार्ता में मीडियाकर्मियों को लोकसभा निर्वाचन की

मतगणना की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अनूपपुर संसदीय क्षेत्र की मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में की जाएगी। नर्मदापुरम कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने नर्मदापुरम के शासकीय आईटीआई कॉलेज में 4 जून को मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया।

## जल शक्ति–जन संचार इंटर्नशिप–शब्द

जल शक्ति मंत्रालय ने जनसंचार, पत्रकारिता या संबंधित क्षेत्रों में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। चयनित उम्मीदवारों को मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में काम करने का अवसर मिलेगा। किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या विश्वविद्यालय से जन संचार और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर या डिप्लोमा कर रहे छात्र इस इंटर्नशिप के लिए पात्र होंगे। आवेदन करने की आखिरी तारीख 29 जून है।

## विलीनीकरण दिवस

आज भोपाल विलीनीकरण दिवस है। गौरतलब है कि देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था लेकिन भोपाल को यह आजादी 1 जून 1949 को मिल पाई थी। इस दिन को गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विलीनीकरण दिवस की पूर्व संध्या पर हर साल की भांति इस साल भी भोपाल में उत्सव मनाया गया। आज भी शहर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल के गौरव दिवस के अवसर पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। श्री यादव ने कहा कि विलीनीकरण आंदोलन में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों , बलिदानियों के कारण ही भोपाल को उज्ज्वल भविष्य प्राप्त हो सका। इन सभी का योगदान अविस्यरणीय है।

## यातायात नियम

प्रदेश में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने यातायात के नए नियम बनाए हैं, जो आज से लागू हो गये हैं। अब ड्राइविंग लाइसेंस बेहद जरूरी हो गया है। बिना लायसेंस के वाहन चलाने पर 500 रुपये का जुर्माना देना होगा। नए नियमों में बच्चों के वाहन चलाने पर भी जबर्दस्त सख्ती की गई है। नए नियमों के अनुसार, 18 साल से कम उम्र में गाड़ी चलाने पर 25 हजार रुपये का भारी भरकम जुर्माना देना होगा। वहीं, तेज गति से गाड़ी चलाने वाले पर न्यूनतम 1000 रुपये और अधिकतम 2000 रुपये जुर्माना भरना पड़ेगा। हेलमेट न पहनने और कार में सीट बेल्ट न पहनने पर भी जुर्माना तय किया गया है। दरअसल, आरटीओ ने सड़क हादसों को देखते हुए इन नियमों को लागू करने का फैसला किया है। सरकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने नाबालिग वाहन चालकों की बढ़ती तादात को देखते हुए उन पर 25,000 रुपये तक का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। इन नियमों को लागू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा है।

## स्कूल फीस

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर लगाम लगाने के उद्देश्य से प्रस्तावित फीस सरंचना को विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने की 8 जून तक की समय सीमा तय की है। इसके साथ ही विभाग ने पोर्टल पर प्रस्तावित फीस सरंचना अपलोड करने की प्रक्रिया फीस भी निर्धारित कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग की संचालक मंजूषा विक्रांत राय द्वारा जारी इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में प्रस्तावित फीस सरंचना पोर्टल पर अपलोड नहीं करने वाले निजी स्कूलों पर प्रक्रिया फीस सहित प्रक्रिया फीस का पाँच गुना अर्थदंड वसूला जायेगा। विभाग ने अर्थदंड वसूली का अधिकार जिला स्तरीय समिति को दिया है।

## जी डी पी

देश का सकल घरेलू उत्पाद– जी डी पी की वास्तविक दर वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 8 दशमलव दो प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022–23 में जी डी पी विकास दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अनुसार, वास्तविक जी डी पी यानी स्थायी मूल्यों पर आधारित जी डी पी, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 173 लाख करोड़ रूपये से अधिक के स्तर पर रहने का आकलन किया गया है।

## आयुष्मान कार्ड

गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा गैस पीड़ितों को आयुष्मान पोर्टल से ई–केवायसी कराने के बाद आयुष्मान कार्ड वितरित किये जा रहे हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 31 मई 2024 की स्थिति में 23 हजार 296 में से 13 हजार 383 गैस त्रासदी पीड़ित आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। बताया गया है कि शेष सत्यापित भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित आवश्यकतानुसार आयुष्मान पोर्टल से ई–केवायसी करवाकर आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। गैस राहत विभाग द्वारा शेष गैस पीड़ितों के संकलन और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जानकारी सत्यापन के बाद पीड़ितों के कार्ड जल्द ही बनाये जा सकेंगे।

## मौसम

प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी का दौर जारी है। प्रदेश नौपता की शुरूआत से ही भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहा है। नौतपा के सातवें दिन भी भीषण गर्मी और लू का असर रहा। छतरपुर के बिजावर में तापमान सबसे अधिक 47.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शिवपुरी में 47 डिग्री और निवाड़ी के पृथ्वीपुर में 46.7 डिग्री तापमान रहा। जबकि 11 शहरों में पारा 45 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। मध्यप्रदेश में 15 से 20 जून के

बीच मानसून की एंट्री हो सकती है। अभी प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है, जबकि ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसकी वजह से कई जिलों में गर्मी का असर रहा। शिवपुरी जिले में गर्मी को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को 5 जून तक के लिए तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- खण्डवा जिले में राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जून माह को मलेरिया माह के रुप में मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आज मलेरिया जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मलेरिया व डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी देकर आम नागरिकों को जागरुक करेगा।
- आगरमालवा जिले में अमानक कृषि बीज का विक्रय करने पर 4 विक्रेताओं के लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिये गए है।
- सीहोर जिले में लोकसभा चुनाव की मतगणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। आज अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं को शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया।
- अनूपपुर जिले में आगामी 5 से 16 जून तक नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया जाएगा।

....................................